ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 24-01-2023

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-01-24 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-01-25	2023-01-26	2023-01-27	2023-01-28	2023-01-29
वर्षा (मिमी)	12.0	5.0	0.0	0.0	2.0
अधिकतम तापमान(से.)	10.0	10.0	13.0	13.0	10.0
न्यूनतम तापमान(से.)	1.0	0.0	1.0	3.0	4.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	80	75	70	65	70
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	35	40	30	30	35
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	110	110	270	270	250
क्लाउड कवर (ओक्टा)	3	1	0	0	5

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनो में, 24, 25 जनवरी को हल्की वर्षा व 28 जनवरी को बूंदा-बांदी की सम्भावना है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 10.0 से 13.0 व 0.0 से 4.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम, पश्चिम व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनी: 24, 25 जनवरी को कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली गिरने और तेज बारिश आ सकती है।

सामान्य सलाहकार:

आगामी दिनों में मौसम पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि वे सिंचाई और कीटनाशकों के उपयोग को स्थगित कर दें। पानी के ठहराव से बचने के लिए फसल के खेतों में पर्याप्त जल निकासी की व्यवस्था बनाये रखें। सरदी और वर्षा से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें।

लघु संदेश सलाहकार:

24, 25 जनवरी को हल्की वर्षा व 28 जनवरी को बूंदा-बांदी की सम्भावना है। 24, 25 जनवरी को कहीं-कहीं पर ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली गिरने और तेज वर्षा की चेतावनी दी गई है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार की अधिकता होने पर दिसम्बर में बोई समय में बुवाई के 40-45 दिन बाद 2,4-डी0 के 500 ग्राम सक्रिय अवयव या मैटसल्फूरान मिथाईल के 4 ग्राम या कारफेंट्राजान के 20 ग्राम का 500-600 लीटर पानी में घोल कर फ्लैट-फेन नोजल द्वारा छिड़काव प्रति हैक्टर की दर से मौसम साफ होने पर करें।
मसूर की दाल	चना व मसूर की फसल मे आवश्यकतानुसार एक सिंचाई फूल आने से पहले तथा दूसरी फली बनते समय करे लेकिन मौसम पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए किसान भाई खेत में सिंचाई को अभी स्थगित कर दें| चना व मसूर की फसल मे फूल बनते समय 2 प्रतिशत यूरिया के घोल का पर्णीय छिड़काव करे। प्रथम छिड़काव के 10-15 दिन बाद दूसरा छिड़काव करे। प्रति हैक्टर 600-700 लीटर पानी का प्रयोग करे। छिड़काव मौसम साफ होने पर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
सेब	पूर्व में आरक्षित किये शीतोष्ण फल वृक्षो जैसे सेब, नाशपाती, खुबानी, अखरोट आदि फल वृक्षो को लगाने का कार्य प्रारम्भ मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। शीतोष्ण फल पौधो के थाले बनाये तथा गोबर, नत्रजन एवं फास्फोरस की उचित मात्रा का प्रयोग करे।
शिमला मिर्च	शिमला मिर्च की उन्नत किस्म का बीज क्रय कर नर्सरी में बुवाई करें। पाले से बचाव हेतु पौधशाला को सफेद प्लास्टिक से इस तरह ढके कि सूर्य की रोशनी के साथ-साथ हवा का संचार भी हो सके (जमीन से 1 मीटर उपर)।
टमाटर	टमाटर पछेती झुलसा रोग के नियंत्रण हेतु मैनकोजेब 75 प्रतिशत डब्लू0पी0 का 2.5 ग्राम/ली0 की दर से छिड़काव करे। छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पहाड़ी क्षेत्रों में पशुओं को ठंड से बचाने के लिए हीटर का प्रयोग किया जा सकता है। पशुओं को धान की कन्नी आहार के रूप में दें। जिससें उन्हें उर्जा और गर्मी मिलती है। पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सूखी घास, पुवाल जो जानवरों के खाने के उपयोग में नहीं आती को बिछावन के रूप में प्रयोग करें। खिड़की दरवाजों पर त्रिपाल लगा दें ताकि ठंडी हवा प्रवेश न करें।
भेंस	पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सूखी घास, पुवाल जो जानवरों के खाने के उपयोग में नहीं आती को बिछावन के रूप में प्रयोग करें। खिड़की दरवाजों पर त्रिपाल लगा दें ताकि ठंडी हवा प्रवेश न करें।